संख्या–cm-372
**31/10/2024**

# भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती भव्य रूप से मनाई गई, उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई

पटना, 31 अक्टूबर 2024 :– भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, सांसद श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, विधायक श्री अनिल कुमार, विधायक श्री कृष्ण कुमार मंटू, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन–कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

******